उप-मुख्यमंत्री ने हिसार हवाई अड्डे के एयर ट्रैफिक कंट्रोल रूम और टर्मिनल बिल्डिंग की रखी आधारशिला

चर्चा में क्यों?

11 दिसंबर, 2023 को हरियाणा के उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने हिसार में राज्य सरकार की महत्त्वाकांक्षी योजना महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे सहित लगभग 280 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और अनेक परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया गया।

प्रमुख बिंदु

- हिसार के वर्तमान लोक निर्माण विश्राम गृह परिसर में ही अतिरिक्त भवन की आधारशिला रखने के उपरांत उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि हिसार का विश्राम गृह प्रदेश का सबसे बेहतरीन विश्राम गृह होगा, जिसमें एक सीएम सुईट, पाँच वीआईपी सुईट, अधिकारियों के 15 कमरे के अलावा 20 अन्य कमरों का निर्माण होगा।
- इसी परिसर में निर्माण सदन भी स्थापित किया जाएगा, जिसमें एक ही स्थान पर लोक निर्माण विभाग की विभिन्न तकनीकी शाखाओं के कार्यालय स्थापित होंगे।
- उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि हिसार शहर में एलिवेटेड रोड की फिजिबिलिटी को जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन (जाईका) ने मंज़ूरी दे दी है। इस रोड पर 7 एंट्री तथा 7 निकासी होगी।
- शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि दिल्ली का आईजीआई एयरपोर्ट लगभग 5250 एकड़ में है, जबकि हिसार हवाई अड्डे को 7200 एकड़ भूमि आवंटित की जा चुकी है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/deputy-chief-minister-laid-the-foundation-stone-of-air-traffic-control-room-and-terminal-building-of-hisar-airport